C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 46 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 01 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पटना में स्कूल से लौटे भाई-बहन की जली हुई हालत में मिली लाशें, हत्या की आशंका





**भीलवाड़ा फोकस @ पटना**

राजधानी पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव में गुरुवार को दो बच्चो की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है । जहाँ स्कूल से लौटे दो मासूम भाई-बहन घर के भीतर मृत अवस्था में मिले। दोनों के शव पलंग पर जले हुए हालात में पाए गए। पुलिस इस घटना को हत्या मानकर जांच कर रही है।

मृतकों की पहचान 14 वर्षीय अंजलि कुमारी और 12 वर्षीय अंशु कुमार के रूप में हुई है। दोनों के माता-पिता रोज की तरह ड्यूटी पर गए हुए थे। मां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में सुरक्षा गार्ड हैं, जबकि पिता चुनाव आयोग में कर्मचारी हैं। दोपहर करीब 2 बजे जब मां घर लौटीं तो दरवाजा अंदर से बंद था और तेज दुर्गंध आ रही थी। कई बार आवाज लगाने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उन्होंने पति को सूचना दी। पिता ललन गुप्ता मौके पर पहुंचे और जबरन दरवाजा खोला। अंदर का दृश्य देखकर परिजन स्तब्ध रह गए – दोनों बच्चों की जली हुई लाशें पलंग पर पड़ी थीं। पिता का कहना है कि यह हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। उनके अनुसार दोपहर 12 से साढ़े 12 बजे के बीच किसी ने दोनों की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के लिए शवों को जलाया गया। दोनों के मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था, जिससे दम घोंटने की आशंका जताई जा रही है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि बच्चों के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की गई थी। विरोध करने पर हत्या की गई और बाद में शवों को जलाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए और सड़क पर प्रदर्शन कर आगजनी की। मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची और समझाइश देकर भीड़ को शांत किया। जांच के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है, जो मौके से नमूने जुटाकर आग लगने और मौत के कारणों की जांच कर रही है। फुलवारी शरीफ के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। आसपास के लोगों से पूछताछ जारी है।

## पुर पुलिस ने 48 घंटे में ट्रेलर चोरी का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिंदल सॉ लिमिटेड कंपनी की पार्किंग से चोरी हुए ट्रेलर को मात्र 48 घंटे में बरामद कर लिया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाधिकारी पुष्पा कासोटिया द्वारा किया गया। पुलिस टीम ने प्रभावी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह सफलता प्राप्त की।

पुलिस के अनुसार भैरूलाल जाट निवासी बोरडा बावरियान, थाना शाहपुरा ने 28 जुलाई को रिपोर्ट दी थी कि 26 जुलाई को वह ट्रेलर को जिंदल कंपनी की पार्किंग में खड़ा कर गया था। जब वह 28 जुलाई को वापस लौटा, तो ट्रेलर वहां से गायब था। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। जांच के दौरान टीम ने ट्रेलर को टोंक जिले के दुणी क्षेत्र से बरामद कर लिया।


इस मामले में आरोपी रामरूप मीणा एवं रोहित मीणा , दोनों निवासी देवखेड़ा, थाना दुणी, जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## 7 साल से स्कूल नहीं पहुंचा शिक्षक, फिर भी वेतन जारी

### नयानगर स्कूल का मामला, छात्रों ने आज तक नहीं देखा सामाजिक विज्ञान शिक्षक का चेहरा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**डॉ. चेतन ठठेरा**



शिक्षा विभाग की लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला भीलवाड़ा जिले के बिजौलिया ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयानगर से सामने आया है, जहां पिछले सात वर्षों से सामाजिक विज्ञान विषय के शिक्षक कैलाश सुथार स्कूल में नहीं आए, लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से स्कूल से बन रहा है।

जानकारी के अनुसार शिक्षक कैलाश सुथार वर्ष 2018 में इस विद्यालय में पदस्थापित हुए थे, लेकिन उसी समय उन्होंने मिड डे मील योजना के तहत सीबीईओ कार्यालय बिजौलिया में प्रतिनियुक्ति करा ली। तब से लेकर अब तक वह लगातार कार्यालय में ही डटे हुए हैं, और विद्यार्थियों ने आज तक उन्हें स्कूल में देखा तक नहीं है।

### नियमों की उड़ रही धज्जियां

शिक्षा निदेशालय के नियमानुसार किसी भी शिक्षक को लंबे समय तक गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए प्रतिनियुक्ति पर नहीं रखा जा सकता। प्रतिनियुक्ति तभी दी जा सकती है जब उसका असर शैक्षणिक गतिविधियों पर न हो। वहीं मिड डे मील योजना के क्रियान्वयन के लिए विद्यालयों में ठेके के माध्यम से भोजन पहुंचाया जाता है और रिपोर्टिंग जैसे कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा पूर्ण किए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि सात सालों से शिक्षक की प्रतिनियुक्ति आखिर किस जरूरत के तहत जारी है?

### 18 शिक्षकों में एक गैरहाजिर

विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिमोहन चित्तौड़ा ने बताया कि, जब से मैंने कार्यभार संभाला है, कैलाश सुथार सीबीईओ कार्यालय में प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके आदेश जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कार्यालय भीलवाड़ा से 2018 और 2022 में जारी हुए है । उनके वेतन की फाइलें यहीं से बनती हैं लेकिन उनकी उपस्थिति का कोई लिखित प्रमाण हमारे पास नहीं आता। उनके विषय का शिक्षण कार्य अन्य शिक्षक से करवाया जा रहा है। विद्यालय में कुल 257 छात्र नामांकित हैं तथा 18 शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें चार पंचायत सहायक भी शामिल हैं।÷।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा जाँच करवाता हूँ

जब यह मामला जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक (मुख्यालय) रामेश्वर लाल बाल्दी के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने कहा, ÷मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। अब आपसे जानकारी मिलने के बाद मैं इसकी जांच करवाता हूं।

## एनडीपीएस प्रकरण में डेढ़ साल से फरार ईनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में डेढ़ साल से फरार चल रहे ?5 हज़ार के ईनामी आरोपी को चित्तौड़गढ़ जिले के भीमगढ़ से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई थानाधिकारी हंसपाल सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस थाना आसींद एवं साइबर सेल का विशेष सहयोग रहा। सिंह ने बताया की टीम ने थाना गंगापुर के वर्ष 2024 के एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में वांछित आरोपी मदनलाल पुत्र शंकर जाट निवासी भीमगढ़, थाना राशमी, जिला चित्तौड़गढ़ को पकड़ने के लिए उसके निवास को चारों ओर से घेर लिया। पुलिस को देखकर आरोपी ने अपने मकान की छत से लोहे की चद्दरों के सहारे कूदकर भागने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान दाएं पैर में चोट लग गई। पुलिस ने तत्काल उसे डिटेन करते हुए अस्पताल पहुंचाकर मेडिकल परीक्षण कराया और हिरासत में लिया।

पुलिस ने बताया की आरोपी मदनलाल गुजरात और राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर अपनी पहचान छुपाकर लगातार फरारी काट रहा था। उसने अपने परिचितों और रिश्तेदारों से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी ताकि पुलिस तक उसकी कोई जानकारी न पहुंचे। इस प्रकरण में पूर्व में पन्नालाल भील और दिनेश जाट नामक दो अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

## आसींद के सुराज गांव में नकबजनी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा, भतीजा ही निकला चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

थाना क्षेत्र के सुराज गांव में हुई नकबजनी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं, बल्कि पीड़ित का ही भतीजा निकला। पुलिस ने आरोपी सांवरलाल रेबारी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि 5 जून को ग्राम सुराज निवासी धर्मा रेबारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 2 जून को वह अपने परिवार के साथ ससुर के देहांत के चलते आमलीखेड़ा गया हुआ था। 4 जून को लौटने पर उसने पाया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है और अलमारी से 10 ग्राम सोने के जेवर, 2 किलो चांदी के आभूषण एवं 87 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके हैं। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की । जिसमे थानाधिकारी हंसराज सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

पुलिस की सतर्कता और वैज्ञानिक पूछताछ के दौरान संदेह के घेरे में आए परिवादी के भतीजे सांवरलाल रेबारी को डिटेन किया गया। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस अब आरोपी से



चोरी का माल बरामद करने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# श्री पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्रद्धा व उल्लास से मनाया गया



भीलवाड़ा : शांतिधारा अभिषेक करते हुए



सलावटिया: चाँद जी की खेड़ी में शांतिधारा का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा/बिजौलिया/सलावटिया।**

भगवान श्री पार्श्वनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर गुरुवार को जिले के विभिन्न दिगंबर जैन मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध आयोजन हुए।

**भीलवाड़ा** के बापू नगर स्थित श्री पद्म प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा और निर्वाण लड्डू चढ़ाने के साथ महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि राकेश बघेरवाल, राजकुमार शाह, अशोक पाटोदी सहित कई श्रद्धालुओं ने शांतिधारा में भाग लिया।

**बिजौलिया** के दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में मुकुट सप्तमी पर्व पर पूजन, अभिषेक, शांतिधारा और लाडू चढ़ाने के साथ कोटा से आए पुण्यार्जक बगड़ा परिवार द्वारा नई वेदी पर चंद्रप्रभु भगवान की प्रतिमा विराजित की गई। कई कन्याओं ने उपवास रखे। **सलावटिया** के चांद जी की खेड़ी जैन मंदिर में मुलनायक श्री पार्श्वनाथ की प्रतिमा पर अभिषेक एवं पाटनी परिवार की ओर से शांतिधारा की गई। समाज की बालिकाओं ने उपवास रखकर भागीदारी निभाई।



बिजौलिया : चंद्रप्रभु भगवान नई वेदी पर हुए विराजित

## राजकीय महाविद्यालय में हुआ पौधारोपण



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान परिसर में पौधारोपण हुआ । कार्यवाहक प्राचार्य आदित्य देव वैष्णव ने अभियान को कॉलेज की पर्यावरणीय जिम्मेदारी बताया। सहायक आचार्य प्रमोद कुमार भूकर ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम और हरियालो राजस्थान अभियान के तहत छात्रों व स्टाफ ने वृक्षारोपण किया। प्रयोगशाला सहायक चंद्रकांता मेघवाल ने बताया कि शीघ्र ही पर्यावरण संरक्षण पर एक सेमिनार भी आयोजित किया जाएगा।

## एक मुश्त समाधान योजना के तहत 30 सितम्बर तक ऋण जमा कराने पर ब्याज में छूट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा एकमुश्त समाधान योजना शुरू की गई है। इस योजना में पात्र ऋणधारक यदि 30 सितम्बर 2025 तक मूलधन राशि का भुगतान कर देते हैं, तो उन्हें बकाया ब्याज और पेनल्टी से पूरी तरह छूट मिल जाएगी।

परियोजना प्रबंधक नूतन कुमार शर्मा ने बताया कि यह योजना 1 मई से 30 सितम्बर 2025 तक लागू है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़े वर्ग के वे सभी व्यक्ति लाभ ले सकते हैं जिन्होंने 31 मार्च 2025 तक निगम से ऋण लिया है और जिन पर राशि बकाया है। उन्होंने जिले के समस्त पात्र ऋणधारकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर समय पर भुगतान करें और ब्याज व दण्ड से पूरी तरह मुक्त हों।

# भव्य चतुर्दिक वाहन कावड़ यात्रा 4 अगस्त को, चारों दिशाओं के पवित्र जल से होगा पारद शिवलिंग का जलाभिषेक

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**दिनेश टांक**

शक्करगढ़ स्थित श्री संकट हरण हनुमत धाम में सावन के चौथे सोमवार पर 4 अगस्त को भव्य चतुर्दिक वाहन कावड़ यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें चारों दिशाओं से पवित्र जल की कावड़ से राजस्थान के प्रथम 251 किलो पारे से निर्मित पारदेश्वर महादेव शिवलिंग का जलाभिषेक किया जाएगा।



वाहन कावड़ यात्रा की शुरूआत पूर्व दिशा के सिंधकेश्वर महादेव मंदिर, सथूर (बूंदी), पश्चिम दिशा से त्रिवेणी महादेव (त्रिवेणी संगम) तथा उत्तर दिशा से गाडोली महादेव मंदिर एवं बनास नदी (जहाजपुर) एवं दक्षिण दिशा से तिलस्वा महादेव मंदिर एवं सीताकुंड से श्रद्धालु कावड़ लेकर शक्करगढ़ धाम पहुंचेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा परमादर्श आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीशपुरी महाराज के मार्गदर्शन में की जा रही है।

## ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मिला होम्योपैथी का प्रशिक्षण



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुवाणा ब्लॉक में उषा संस्था जयपुर की पहल पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एएनएम को होम्योपैथी चिकित्सा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि यह प्रशिक्षण बाल विकास विभाग के सहयोग से हुआ, जिसमें 250 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।


उप निदेशक राजकुमारी खोरवाल ने होम्योपैथी को सुरक्षित, किफायती और प्रभावी पद्धति बताया। पूर्व आईएएस प्रदीप कुमार बोरड ने बताया कि यह अभियान प्रदेश के 14 जिलों में चल रहा है, जिसमें अब तक 7000 से अधिक कार्यकर्ता प्रशिक्षण ले चुके हैं। प्रशिक्षण में डॉ. दिनेश चौधरी, डॉ. निधि सुखवाल, डॉ. सारिका जैन सहित अन्य चिकित्सकों ने औषधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रजनी बोरड ने किया। कार्यकर्ताओं ने इसे ग्रामीण चिकित्सा के लिए उपयोगी कदम बताया।

# मांडलगढ़ क्षेत्र के 16 स्कूलों को मिले 95 लाख रुपये, भवन मरम्मत कार्यों के लिए स्वीकृति

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़**

राज्य सरकार द्वारा मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में भवन मरम्मत कार्यों के लिए 95 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा , शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और क्षेत्रीय विधायक गोपाललाल शर्मा का आभार जताया है ।

क्षेत्र में स्वीकृत हुई राशि से मांडलगढ़ क्षेत्र के 16 विद्यालयों के भवनों की मरम्मत और आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। इसमें उमा जी का खेड़ा, भोपतपुरा , छोटी बिजोलिया , इंद्रा कॉलोनी बिजोलिया , मंडोल बांध , भूति , चौधरियास, कुंडी, नंदराय, श्रीनगर , महुआ, बोलपुरिया, संग्रामपूरा, जैतपुरा की झोपड़ियां, मुकुंदगढ़ और फ़लासिया शामिल हैं। प्रत्येक विद्यालय को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार 3 लाख से लेकर 8 लाख रुपये तक की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में विधायक गोपाललाल शर्मा ने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक सकारात्मक पहल है, जिससे उन्हें बेहतर और सुरक्षित अध्ययन वातावरण मिल सकेगा।



## भाविप शाखा भोजरास की साधारण बैठक संपन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)।** भारत विकास परिषद शाखा भोजरास की साधारण बैठक गुरुवार को शाखा अध्यक्ष भंवरलाल टेलर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में 5 अगस्त को प्रस्तावित एनीमिया मुक्त राजस्थान हीमोग्लोबिन जांच शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन, भारत को जानो परीक्षा एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सचिव अमर सिंह राठौड़, सेवा संयोजक अशोक अजमेरा, संस्कार संयोजक जगदीश कुम्हार, संपर्क संयोजक अशोक मानावत, पर्यावरण संयोजक राजूलाल जाट, गुरु वंदन प्रभारी रतन सिंह गहलोत, भारत को जानो प्रभारी भंवरलाल शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्य सम्पत पुरी उपस्थित रहे। अंत में सचिव ने सभी का आभार व्यक्त किया।



**QUICK BITES**

# फतेहपुर से घाटारानी माताजी की 19वीं पैदल यात्रा आज

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

(दिनेश टाक)। जन-जन की आस्था का केंद्र शक्तिपीठ घाटारानी माताजी की 19वीं वार्षिक पैदल यात्रा शुक्रवार को फतेहपुर गांव से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ रवाना होगी।

यात्रा से जुड़े चिरंजीलाल टाक ने बताया कि यह यात्रा सुबह 11 बजे फतेहपुर से प्रारंभ होकर घाटारानी माताजी मंदिर पहुंचेगी, जहां ध्वजारोहण कर माता रानी का आशीर्वाद लिया जाएगा। यात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण है।

# बारिश का कहर, ढह गया मकान

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



क्षेत्र की सरथला ग्राम पंचायत के हरजेसपुरा गांव में बुधवार रात भारी बारिश के चलते कैलाश बैरवा का कच्चा मकान ढह गया। गनीमत रही कि घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई।

कैलाश बैरवा ने बताया कि लगातार हो रही रिमझिम बारिश से मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। उन्होंने बताया कि अब उनके पास न तो रहने को घर है और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना से कोई लाभ मिला है। उन्होंने पंचायत प्रशासन से शीघ्र सहायता की मांग की है।

# कांग्रेस ने पुष्पांजलि अर्पित कर सुखाड़िया को किया याद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिला कांग्रेस कार्यालय में आधुनिक राजस्थान के निर्माता एवं पूर्व मुख्यमन्त्री मोहनलाल सुखाड़िया की जयन्ती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजि हुआ । चन्द्र प्रकाश अमरवाल ने बताया कि पूर्व सभापति मधु जाजू के नेतृत्व में पुष्पांजली सभा का आयोजन किया गया । जिसमें सुरेश कुमार बंब ,पीर बक्ष मंसूरी , परसराम जाट कांदा , सेवादल महासचिव संदीप टेलर , मुस्ताक अली मंसूरी , अली मंसूरी , गौरीशंकर दायमा , मो. हारून रंगरेज , जीतेश कुमार चपलोत , योगिता सुराणा , दिनेश बैरवा , अतुल सुराणा , सीपी खटीक उपस्थित रहें । इसके बाद सुखाडिया सर्कल स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ ।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नज़र ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# श्रद्धा और उल्लास से सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाया नंडी सतहँ पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सिंधी समाज की महिलाओं ने गुरुवार को पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ नंडी सतहँ (छोटी सातम) पर्व मनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने पति और पुत्रों की दीर्घायु व स्वास्थ्य के लिए माता शीतला और जल देवता का सामूहिक पूजन किया। मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि सिंधु नगर, बापू नगर, शास्त्री नगर, वीर सावरकर चौक, आरके कॉलोनी, नाथद्वारा सराय सहित कई क्षेत्रों में महिलाओं ने विधिपूर्वक पूजन कर कथा श्रवण किया। पर्व की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने सिवइयाँ, मीठी कोकी, चेहरी मानी, नानकताई आदि पारंपरिक व्यंजन बनाए और अगली सुबह ठंडा भोजन माता को भोग लगाया।

चित्रा लोहानी, इंदु लालवानी, हर्षिता बहरवानी, रेणु भोजवानी, रेखा लखवानी, ज्योति सखरानी, सुनीता तुल्सानी सहित कई महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर पूजन में शामिल हुईं। पर्व के माध्यम से समाज की महिलाओं ने सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का संदेश दिया और परिवार की सुख-शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

# फिल्टर पंप भवन में लगी आग से हड़कंप, 10 लाख का नुकसान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



कांस्या क्षेत्र में चंबल परियोजना के तहत स्थापित फिल्टर पंप भवन में गुरुवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, देर रात से जारी बारिश के चलते विद्युत ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क उठी।


घटना की सूचना मिलते ही कांस्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू करवाया। हालात की गंभीरता को देखते हुए मांडलगढ़ और भीलवाड़ा से दमकल की गाड़ियां बुलाई गई।

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

चंबल परियोजना कांस्या के एक्सईएन महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि आग की वजह से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। एहतियात के तौर पर फिल्टर पंप भवन के आसपास मौजूद लोगों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने की जांच की जा रही है।

# भीलवाड़ा जिले में स्कूल भवनों का सर्वे पूरा, 3210 जर्जर कक्ष सील, आज से खुलेंगे स्कूल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में जिले के सभी विद्यालयों का सुरक्षा सर्वेक्षण अभियान पूर्ण कर लिया गया है। लगभग 2900 विद्यालयों में किए गए सर्वे में कुल 22,543 कक्षा कक्षों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से 3210 कक्षा कक्ष अत्यधिक जर्जर पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सील कर दिए गए हैं। सर्वे के दौरान करीब 7400 कक्ष मरम्मत योग्य चिन्हित हुए हैं, जिनकी मरम्मत हेतु प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर ने बताया कि सभी विद्यालय शुक्रवार से पुनः सुरक्षित कक्षों में विधिवत रूप से संचालित किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से भ्रामक अफवाहों से बचने की अपील की है ।

# जिला कारागृह में पुलिस-प्रशासन की सघन तलाशी, निषिद्ध वस्तु नहीं मिली

## एसडीएम और सीओ सिटी के नेतृत्व में की गई औचक कार्रवाई

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



स्थानीय पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने गुरुवार को जिला कारागृह में आकस्मिक सघन तलाशी अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना और निषिद्ध सामग्री की मौजूदगी की जांच करना था।

तलाशी अभियान उपखंड मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा अक्षत कुमार सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। उनके साथ सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर, थानाधिकारी सुभाष नगर शिवराज गुर्जर, थानाधिकारी भीमगंज गजेन्द्र सिंह, थानाधिकारी प्रतापनगर सुरजीत ठोलिया, एएसआई कोतवाली मदनलाल, जिला कारागृह अधीक्षक भैरूसिंह राठौड़, उप कारापाल स्वीटी स्टेला एवं हीरालाल गुर्जर मौजूद रहे। पुलिस जाप्ता और जेल प्रशासन की निगरानी में की गई इस सघन तलाशी के दौरान कोई भी प्रतिबंधित या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई, जिससे जेल की आंतरिक व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

# जीतो लेडीज विंग द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जीतो भीलवाड़ा चेप्टर लेडीज विंग ने विद्वी इंटरनेशनल स्कूल में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें 19-30 वर्ष व 30+ आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। नीता बाबेल की अध्यक्षता में हुए आयोजन की शुरुआत नवकार मंत्र व दीप प्रज्वलन से हुई। प्रतियोगिता में अचीरा जैन, रोमा छाबड़ा, पूजा गलुंडिया, हर्षिता जैन, राशि जैन आदि विजेता रहीं। डबल्स वर्ग में अचीरा व पूजा की जोड़ी ने बाज़ी मारी। सचिन ठाकुर अम्पायर रहे। खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। आयोजन में स्वीटी नैनावटी, अंकिता भूरा, मनीषा मेहता, अमिता बाबेल सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। ब्रांडवाला, केसर कुंज, मेहता एंड संस स्पॉन्सर रहे।

### न्यास कर्मचारियों की शिकायत पर सहायक लेखाधिकारी संजय सिंहल एपीओ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर विकास न्यास के कर्मचारियों द्वारा लगाए गए आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर एवं न्यास अध्यक्ष ने सहायक लेखाधिकारी प्रथम संजय सिंहल को एपीओ कर दिया है। इसके साथ ही उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। गुरुवार को जारी आदेश में संजय सिंहल को कार्य मुक्त किया गया है । गौरतलब है कि न्यास कर्मचारियों ने अनुचित व्यवहार के गंभीर आरोप लगाए थे। उसके बाद ये कार्रवाई हुई है ।

# कीचड़-गड्ढों में तब्दील हुई एकलिंगपुरा-माकड़िया लिंक रोड, ग्रामीण बेहाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सहाड़ा रायपुर विधानसभा क्षेत्र की सुवाणा पंचायत समिति के एकलिंगपुरा से माकड़िया तक जाने वाली लिंक रोड की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के चलते सड़क पूरी तरह कीचड़, जलभराव और गड्ढों में बदल गई है, जिससे आवागमन करना दूभर हो गया है। इस मुख्य मार्ग से सैकड़ों ग्रामीण रोजाना हाईवे 758 से जुड़ते हैं, लेकिन वर्तमान में यह रास्ता दलदल और खतरनाक गड्ढों से भरा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व दोपहिया वाहन चालकों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। लोगों ने विधायक व प्रशासन से जल्द सड़क मरम्मत और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था की मांग की है।

# बरसात में बनता है तालाब, मालीपुरा की सड़क से गुजरना बना चुनौती

## नयागांव में वर्षों से जलभराव की समस्या, प्रशासनिक आवाजाही के बावजूद हाल जस का तस

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



नगर पालिका क्षेत्र के नयागांव स्थित मालीपुरा में सात झंडे वाले बालाजी मंदिर के सामने हर बारिश के बाद जलभराव आम समस्या बन चुकी है। पानी भराव के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति वर्षों से बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय निवासी अजय ने बताया कि समस्या को कई बार नगर पालिका के संज्ञान में लाया गया, लेकिन आज तक महज़ कागजी कार्रवाई ही हुई। बरसात के दौरान सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि दोपहिया वाहन चालकों से लेकर चारपहिया वाहनों तक सभी को परेशानी झेलनी पड़ती है। कई बार वाहन बंद हो जाते हैं या फिसलने की घटनाएं भी सामने आती हैं।

आश्चर्य की बात यह है कि यही मार्ग भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर की दिशा में जाने वाले प्रमुख वाहनों की नियमित आवाजाही का हिस्सा है। यही नहीं, इसी मार्ग से क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का भी नियमित आना-जाना रहता है। बावजूद इसके, अब तक जल निकासी या सड़क सुधार के स्थायी प्रयास नहीं किए गए हैं। स्थानीय लोग नगर पालिका और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि क्षेत्र की इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान जल्द से जल्द कराया जाए।

# फर्जी नंबर प्लेट लगाकर अफीम डोडा चुरा खरीदने जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल




माण्डल पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चूरा की तस्करी में लिप्त दो आरोपियों को फर्जी नम्बर प्लेट लगी कार सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

थानाधिकारी विक्रम सेवावत के नेतृत्व में गठित टीम ने ए-श्रेणी की नाकाबंदी के दौरान हुण्डई कार को रोककर जांच की। कार आसींद की ओर से आ रही थी, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। जब कार के कागजात मांगे गए तो आरसी संदिग्ध पाई गई और वाहन के चेचिस नम्बर में भी भिन्नता मिली। ई-चालान मशीन से जांच के बाद पाया गया कि उक्त कार दिल्ली में पंजीकृत है और उस पर लगी नम्बर प्लेट फर्जी है। पुलिस ने कार, फर्जी आरसी व दस्तावेजों को जब्त कर मौके से लूनी, जोधपुर निवासी दिनेश विश्नोई और विष्णु विश्नोई को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी फर्जी नंबर प्लेट और नकली दस्तावेजों की मदद से वाहन की पहचान छुपाकर, वाहन से अवैध अफीम डोडा चूरा की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बारिश में भीगा मानवता का फर्ज, राजस्थान जनमंच ने 21 झुग्गियों पर लगाए तिरपाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



लगातार हो रही बारिश के बीच राजस्थान जनमंच ने ज़रूरतमंदों के लिए मानवता का फर्ज निभाते हुए एक प्रेरणादायक पहल की। संगठन अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में जनमंच की टीम ने काशीपुरी रोड स्थित वाल्मीकि नगर, एफसीआई गोदाम के पास स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे गरीब परिवारों की मदद की। बारिश के कारण कच्चे घरों की छतें टपकने लगी थीं, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया था। इस समस्या को देखते हुए जनमंच की टीम ने 21 झोपड़ियों की छत पर 10 फीट चौड़े और 20 फीट लंबे तिरपाल (फ्लेक्स) लगाकर बारिश से राहत दिलाई। इस सेवा कार्य में शिव प्रकाश चन्नाल, जय नारायण जोशी, रोहित भरावा, सोनू चन्नाल, कमलेश भारती, सुमित खोईवाल, भानु सालवी, अनुराग सुथार, देवेंद्र सिंह, मनोज कटवाल, जगदीश सेन, दीपक चन्नाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

## QUICK BITES

### भीलवाड़ा में 4 अगस्त से 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा


जिले में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए 4 अगस्त से 30 अगस्त तक 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चिकित्सा विभाग, स्थानीय निकाय और पंचायती राज विभाग के समन्वय से संचालित होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि अभियान के तहत घर-घर जाकर बुखार के मरीजों की जांच, लार्वा विनष्टकरण, फॉगिंग और जनजागरूकता गतिविधियां की जाएंगी। आशा, एएनएम और सुपरवाइजर की टीमें सर्वे करेंगी।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला को तोड़ना जरूरी है। अभियान के दौरान मरूधर एप पर रिपोर्टिंग अनिवार्य होगी और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### थडोदा-छोटी बिजोलिया मार्ग की पुलिया धंसने लगी, बड़ा हादसा होने की आशंका

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया



क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते थडोदा और छोटी बिजोलिया को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिया जर्जर होकर धंसने लगी है। पुलिया की स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में हादसे की आशंका बढ़ गई है।

ग्रामीण पंकज धाकड़ ने बताया कि यह पुलिया क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है और ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

धाकड़ ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया की स्थिति का तुरंत निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

### राजकीय महाविद्यालय फूलिया कलां में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के तत्वावधान में क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय फूलिया कलां में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता प्रो. मूलचन्द खटीक ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के समग्र विकास पर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी साथ ही व्यवसायोन्मुख-रोजगारोन्मुख शिक्षा व्यवस्था पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थी को क्रियाशील बनाने पर बल देती है साथ ही प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली शिक्षा पद्धति के पुनर्विकास पर बल देती है। कार्यक्रम में सहायक आचार्य नरेश धाकड़, किशोर, गिरिराज शर्मा, नन्द किशोर उपस्थित रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com



स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।